चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

Chaudhary Charan Singh University, Meerut

E.mail : registrar@ccsuniversity.ac.in NAAC A++ Website : www.ccsuniversity.ac.in

पत्रांक :– सम्बद्धता / 189 / 2025–26 दिनांक :– 11.04.2026

सेवा में,

समस्त सचिव / प्राचार्य / प्राचार्या
समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय / संस्थान,
चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ।

विषयः– उच्च शिक्षा के क्षेत्र में शैक्षिक सत्र 2026–27 के लिये नये महाविद्यालयों / संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों / संस्थानों में अतिरिक्त विषयों / पाठ्यक्रमों (बी0एड0 पाठ्यक्रम को छोड़कर) को प्रारम्भ करने हेतु अनापत्ति एवं सम्बद्धता प्रस्तावों के ऑनलाइन निस्तारण हेतु समय–सारणी।

महोदय / महोदया,

कृपया उपर्युक्त विषयक उप सचिव, उच्च शिक्षा अनुभाग–2, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ के पत्र संख्या–I / 1295424 / 2026 / 70–2099 / 28 / 2025 पार्ट–02 दिनांकः 10.04.2026 के संदर्भ में अवगत कराना है कि शैक्षिक सत्र 2026–27 हेतु उच्च शिक्षा के क्षेत्र में बी0एड0 पाठ्यक्रम के अतिरिक्त नये महाविद्यालयों / संस्थानों के खोले जाने तथा वर्तमान महाविद्यालयों / संस्थानों में स्नातक / स्नातकोत्तर स्तर के अतिरिक्त विषयों / पाठ्यक्रमो को प्रारम्भ करने के लिये शासनादेश दिनांकः 04.02.2026 के माध्यम से निर्धारित समय–सारिणी में निम्नवत् संशोधन किया जाता हैः–

क्रं.स.	कार्यवाही	समय–सीमा
1.	निरीक्षण मण्डल द्वारा निरीक्षण आख्या प्रस्तुत किया जाना।	दिनांक 25 अप्रैल, 2026 तक।
2.	विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्वता आनलाईन प्रदान करने की अन्तिम तिथि।	दिनांक 30 अप्रैल, 2026 तक।
3.	विश्वविद्यालय द्वारा सम्बद्धता के संबंध में लिये गये निर्णय के विरूद्ध शासन में अपील करने की अन्तिम तिथि।	दिनांक 05 मई, 2026 तक।
4.	शासन स्तर पर अपील निस्तारित करने की अन्तिम तिथि।	दिनांक 31 मई, 2026 तक।

01. शासनादेश दिनांक 06.11.2025 के माध्यम से निर्गत शेष दिशा–निर्देश यथावत् रहेंगे।

भवदीय,

कुलसचिव

प्रतिलिपिः–

1. वैयक्तिक सहायक कुलपति को मा0 कुलपति महोदया के संज्ञानार्थ।
2. क्षेत्रीय, उच्च शिक्षा अधिकारी, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु।
3. प्रभारी, वेबसाइट, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
4. प्रेस प्रवक्ता, चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यलाय, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

कुलसचिव